सब कहते हैं राधा राधा गाते है भजन आधा आधा

सब कहते हैं राधा राधा गाते है भजन आधा आधा...

श्रवण ने छोड़ा राज पाट मां बाप की सेवा करने को,
डोली में बिठाए मात पिता कंधे पे वजन आधा आधा,
सब कहते हैं राधा राधा गाते है भजन आधा आधा....

मां बाप ने कितने जतन किए परिवार रहे मेरा मिल जुल के,
भाई से भाई लड़ बैठे परिवार किया आधा आधा,
सब कहते हैं राधा राधा गाते है भजन आधा आधा....

मंदिर में घंटा बजा रहे मस्जिद में अल्लाह बोल रहे,
मंदिर मस्जिद को तुड़वा के भगवान किया आधा आधा,
सब कहते हैं राधा राधा गाते है भजन आधा आधा...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28164/title/sab-kehte-hai-radha-radha-gaate-hai-bhajan-aadha-aadha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |